**Regarding water scarcity in some parts of Bastar Parliamentary Constituency due to unequal sharing of water in some rivers**

श्री महेश कश्यप **(**बस्तर**) :** सभापति महोदया, मैं छत्तीसगढ़ के बस्तर लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आया हूं । जो केरल राज्य से बड़ा और जल-जंगल-जमीन से भरा हुआ क्षेत्र है । बस्तर के लिए इंद्रावती नदी एक जीवनदायिनी नदी रही है । वह नदी ओडिशा राज्य के कालाहांडी से बहती थी, लेकिन जोहरा नाला के डायवर्ट होने के कारण, जल संकट के कारण जगदलपुर शहर में जल संकट बना हुआ है । अभी वहां हजारों एकड़ में मक्के की फसल सूखने जा रही है ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जो जोहरा नाला और इंद्रावती नदी में जो 50-50 प्रतिशत पानी आने के लिए समझौता हुआ है, वह अभी नहीं आ रहा है, तत्काल उसका समाधान करें । भगवान जगन्नाथ जी की कृपा हर समय बस्तर को रही है । क्योंकि बस्तर रियासत के महाराजा कमलचंद भंजदेव जी को भगवान जगन्नाथ प्रभु जी के द्वारा रथाधिपति का उपाधि मिला है, तो फिर से उनकी कृपा चाहिए ।

माननीय जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन है कि इसका समाधान जल्द से जल्द कराएं ।